बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना – 800015

दूरभाष सं0:– 0612–2217956
फैक्स:– 0612–2215611 / 2215978
ई–मेल:– ceo_bihar@eci.gov.in

प्रेस विज्ञप्ति

- अर्हता तिथि 01.01.2020 के आधार पर निर्वाचक सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2020 के अन्तर्गत बिहार राज्य के सभी 243 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के अन्तर्गत कुल 72,723 मतदान केन्द्रों एवं अन्य अभिहित स्थलों पर निर्वाचक सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांक 07.02.2020 को किया गया है।

- भारत निर्वाचन आयोग के निदेश के आलोक में अर्हता तिथि 01.01.2020 के आधार पर निर्वाचक सूची का प्रारूप प्रकाशन दिनांक 16.12.2019 को किया गया था तथा दिनांक 16.12.2019 से 15.01.2020 तक प्रारूप प्रकाशन की अवधि के दौरान दावा/आपत्ति ऑनलाईन (NVSP), Voter Helpline App एवं ऑफलाईन माध्यम से प्राप्त किया गया।

- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दावा/आपत्ति अवधि में दिनांक 05.01.2020 (रविवार) एवं 12.01.2020 (रविवार) को विशेष अभियान दिवस के रूप में आयोजित किया गया जिसके दौरान मतदान केन्द्र पर बी०एल०ओ० के माध्यम से दावा/आपत्ति प्राप्त किया गया।

- विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान बिहार राज्य के सभी प्रमंडलीय आयुक्त निर्वाचक सूची प्रेक्षक के रूप में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नामित किये गये थे जिनके पर्यवेक्षण में उक्त कार्यक्रम संपादित किया गया। उक्त अवधि में निर्वाचक सूची प्रेक्षकों द्वारा तीन चरणों में क्षेत्र भ्रमण कर निर्वाचक सूची की तैयारी के कार्यों का अनुश्रवण किया गया।

- प्रारूप/अंतिम प्रकाशित निर्वाचक सूची में निर्वाचकों से संबंधित विवरणी निम्नवत् है :–

निर्वाचकों की श्रेणी	16.12.2019 को प्रारूप प्रकाशित निर्वाचक सूची में निर्वाचकों की संख्या	07.02.2020 को अंतिम प्रकाशित निर्वाचक सूची में निर्वाचकों की संख्या	पुनरीक्षण अवधि में कुल वृद्धि
पुरूष	3,73,05,970	3,79,12,127	6,06,157
महिला	3,32,73,462	3,39,07,979	6,34,517
तृतीय लिंग	2,220	2,344	124
कुल :–	**7,05,81,652**	**7,18,22,450**	**12,40,798**

Scanned by CamScanner

- इस प्रकार अंतिम प्रकाशित निर्वाचक सूची में कुल 15,35,767 निर्वाचकों का नाम पंजीकृत किया गया तथा कुल 2,94,969 को स्थानांतरित/मृत/दोहरी प्रविष्टि आदि कारणों से विलोपित किया गया। भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निदेश के आलोक में निर्वाचकों का विलोपन प्ररूप–7 में प्राप्त आपत्ति के आधार पर नियमानुसार किया गया है। विलोपन की कोई भी कार्रवाई स्व–प्रेरणा से नहीं की गयी है।

- प्रारूप प्रकाशित निर्वाचक सूची में लिंगानुपात 892 था जबकि अंतिम रूप से प्रकाशित निर्वाचक सूची में यह अनुपात 894 है।

- अंतिम रूप से प्रकाशित निर्वाचक सूची में शत–प्रतिशत निर्वाचकों के विरूद्ध छायाचित्र आच्छादित है। साथ ही सभी नव–पंजीकृत निर्वाचकों को मतदाता पहचान पत्र (पी०वी०सी०) उपलब्ध कराये जाने की कार्रवाई की जा रही है।

- प्रारूप निर्वाचक सूची में निर्वाचक जनसंख्या अनुपात (EP Ratio) 0.495 था, जो अंतिम रूप से प्रकाशित निर्वाचक सूची में बढ़कर 0.504 हो गया है। इससे स्पष्ट है कि निर्वाचक जनसंख्या अनुपात में वृद्धि हुआ है।

- अंतिम रूप से प्रकाशित निर्वाचक सूची में 18–19 आयुवर्ग के निर्वाचकों की कुल संख्या 7,14,488 है जबकि 80+ आयुवर्ग के मतदाताओं की संख्या 13,03,543 है।

- अंतिम रूप से प्रकाशित निर्वाचक सूची में सेवा मतदाताओं की कुल संख्या 1,58,901 है जबकि प्रवासी निर्वाचकों (Overseas Electors) की संख्या 72 है।

- अंतिम रूप से प्रकाशित निर्वाचक सूची जिला निर्वाचन पदाधिकारी/निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी/सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी का कार्यालय एवं सभी अभिहित स्थलों पर अवलोकन हेतु उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त अंतिम रूप से प्रकाशित निर्वाचक सूची की हार्ड/सॉफ्ट प्रति सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को उपलब्ध कराने का निदेश सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–जिला पदाधिकारी को दिया गया है।

- अर्हता तिथि 01.01.2020 के आधार पर निर्वाचक सूची के अंतिम प्रकाशन के साथ ही सतत् अद्यतीकरण प्रक्रिया के अधीन दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गयी है।

- अर्हता तिथि 01.01.2020 के आधार पर अंतिम रूप से प्रकाशित निर्वाचक सूची मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के वेबसाइट http://ceobihar.nic.in/ पर अवलोकन हेतु उपलब्ध है। साथ ही आयोग के पोर्टल NVSP एवं Voter Helpline App पर भी निर्वाचक अपना नाम एवं अन्य प्रविष्टियों की जाँच/सत्यापन कर सकते हैं। इस निमित्त NVSP/Voter Helpline App पर सर्च की सुविधा भी उपलब्ध है।

Scanned by CamScanner